संख्या-64/2237/41-2014-462 सा0/13

प्रेषक,

श्याम मोहन तिवारी
अनुसचिव
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

महानिदेशक
पर्यटन उ0प्र0
लखनऊ।

पर्यटन अनुभाग लखनऊ दिनांक 28 अक्टूबर 2014

विषय- आयोजनागत पक्ष में विज्ञापन द्वारा प्रचार-प्रसार किये जाने हेतु धनराशि की स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक निदेशालय के पत्र सं0-861/4-1-1(बजट)/2014, दिनांक 05-09-2014 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि चालू वित्तीय वर्ष 2014-15 के आय-व्ययक में आयोजनागत पक्ष में व्यवस्थित बजट प्राविधान के सापेक्ष विज्ञापन द्वारा प्रचार-प्रसार किये जाने हेतु रू0- 600.00 लाख (रूपये छः करोड मात्र) की धनराशि की स्वीकृति श्री राज्यपाल सहर्ष निम्नलिखित शर्तों के अधीन प्रदान करते हैं-

1. उक्त् स्वीकृत धनराशि का व्यय सुसंगत वित्तीय नियमों एवं शासनादेशों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए किया जायेगा।
2. उक्त धनराशि का व्यय वित्तीय हस्तपुस्तिका एवं बजट मैनुअल का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए किया जाएगा और जहॉ कहीं भी आवश्यक हो तो व्यय किये जाने से पूर्व शासन की अनुमति प्राप्त की जायेगी।
3. स्वीकृत धनराशि की प्रत्याशा में कोई अनाधिकृत व्यय नहीं किया जायेगा।
4. उक्त धनराशि का व्यय करते समय मितव्ययिता सम्बन्धी सुसंगत शासनादेशों का भी अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।
5. स्वीकृत धनराशि का व्यय किसी अन्य प्रयोजन हेतु कदापि नहीं किया जायेगा।
6. कार्य की प्रगति की सूचना व उपयोगिता प्रमाण पत्र शासन को ससमय उपलब्ध कराया जायेगा।
7. यदि कोई धनराशि बचती है तो उसे तत्काल शासन को समर्पित/राजकोष में जमा कराने की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

(2) उक्त के फलस्वरूप होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2014-15 के आय-व्ययक के अनुदान संख्या-44-आयोजनागत-लेखाशीर्षक-3452-पर्यटन-80-सामान्य-800-अन्य व्यय-03-

http://shasanadesh.up.nic.in

पर्यटन सूचना और प्रचार-19 विज्ञापन, बिक्री और विख्यापन व्यय के नामे डाला जायेगा।

(3)- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक अनुभाग-1) के कार्यालय ज्ञाप संख्या- बी-1-2457/दस-2014-231/2014, दि0-22 जुलाई, 2014 द्वारा प्रशासकीय विभाग को प्रतिनिधानित वित्तीय अधिकारों के अधीन जारी किये जा रहे हैं।

भवदीय

(श्याम मोहन तिवारी)
अनुसचिव।

संख्या-64/2237(1)/41-2014 तद् दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- प्रधान महालेखाकार (सिविल) आडिट, उत्तर प्रदेश, सत्य निष्ठा भवन, 15-ए, दयानन्द मार्ग, इलाहाबाद।
2- कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
3- वित्त नियंत्रक, पर्यटन निदेशालय, लखनऊ।
4- निदेशक, सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, उ0प्र0 लखनऊ।
5- वित्त (व्यय) नियंत्रण अनुभाग-7
6- श्री राजा राम वेब अधिकारी, पर्यटन विभाग को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि इसे वेब-साइट पर अंकित करना सुनिश्चित करें।
7- गार्ड-फाइल।

आज्ञा से,

(श्याम मोहन तिवारी)
अनुसचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in